# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में भारत के राष्ट्रपति ने **सरदार वल्लभभाई पटेल** की **149वीं जयंती** के उपलक्ष्य पर भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में उनकी अविस्मरणीय भूमिका के सम्मान में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसे **राष्ट्रीय एकता दिवस** **(31 अक्तूबर)** के रूप में मनाया जाता है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस क्या है?

- **परिचय:**
  - राष्ट्रीय एकता दिवस पटेल के मूल्यों- **एकता, अखंडता और समावेशिता** का स्मरणोत्सव है।
    - संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों में व्यापक विविधता वाले देश में यह दिवस **भारत के लोगों** के बीच एकजुटता की भावना को बढ़ावा देने के महत्त्व पर ज़ोर देता है।
  - यह दिवस नागरिकों को एकजुट होकर चुनौतियों का समाधान करने, विविधता का उत्सव मनाने और राष्ट्र के भीतर **सद्भाव** को बढ़ावा देने के लिये चिंतन करने के लिये प्रोत्साहित करता है।
- **स्टैच्यू ऑफ यूनिटी:**
  - 31 अक्तूबर 2018 को सरदार वल्लभभाई पटेल के सम्मान में विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा,**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी** का उद्घाटन **गुजरात के केवडिया** में किया गया, जिसकी ऊँचाई 182 मीटर (600 फीट) है।
    - **नर्मदा नदी** और **सरदार सरोवर बाँध** (कंक्रीट की मात्रा की दृष्टि से विश्व का दूसरा सबसे बड़ा भाराश्रित बाँध) के सामने, यह प्रतिमा **साधु बेट द्वीप** पर स्थित है।
  - वर्ष 2020 में भारत की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को **शंघाई सहयोग संगठन (SCO)** के **आठ अजूबों की सूची** में शामिल किया गया था।

//



## सरदार वल्लभभाई पटेल कौन थे?

- **जन्म:** उनका जन्म **31 अक्तूबर 1875 को नाडियाड, गुजरात** में हुआ।
    - उनका परिवार लेवा पाटीदार समुदाय से था।
- **कॅरियर: इंग्लैंड में विधि अध्ययन कर, रोमन विधि** में पुरस्कार अर्जित किया और वर्ष 1913 में बैरिस्टर के रूप में भारत लौट आए।
- **उपाधि और विरासत:** अपने दृढ़ संकल्प और दृढ़ दृष्टिकोण के कारण उन्हें **"भारत के लौह पुरुष"** के नाम से जाना जाता है। उन्हें **राष्ट्रीय एकता** और **समुत्थानशीलता का प्रतीक** माना जाता है।
- **राजनीतिक उत्थान:**
    - **राष्ट्रीय आंदोलन में सहभागिता:** पटेल **महात्मा गांधी** से प्रेरित होकर स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए।
    - **खेड़ा सत्याग्रह (1918): उन्होंने सूखे के कारण खराब फसल** से प्रभावित किसानों के लिये कर छूट की मांग करते हुए **खेड़ा सत्याग्रह** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
    - **बारदोली सत्याग्रह (1928):** **बारदोली सत्याग्रह** के दौरान अनुचित कर वृद्धि के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया, जिसके कारण उन्हें इस नेतृत्व के लिये "सरदार" की उपाधि प्रदान की गई।
- **भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में भूमिका:**
    - **असहयोग और सविनय अवज्ञा: गांधीजी के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर वर्ष 1930 में नमक सत्याग्रह जैसे आंदोलनों का नेतृत्व किया और इसमें शामिल होने के कारण उन्हें अनेक बार कारावास का दंड दिया गया।**
    - **कॉन्ग्रेस की अध्यक्षता: वर्ष 1931 में कॉन्ग्रेस के 46वें अधिवेशन की** अध्यक्षता की, जिसमें **गांधी-इरविन समझौते** पर चर्चा हुई।
    - **भारत छोड़ो आंदोलन (1942):** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इस प्रमुख चरण के दौरान पटेल को गिरफ्तार कर कारावास का दंड दिया गया।
- **स्वतंत्रता पश्चात् योगदान:**
    - **रियासतों का एकीकरण: 562 रियासतों को भारतीय संघ में** एकीकृत करने में अग्रणी भूमिका निभाई, जिससे लाखों लोगों के लिये स्थिरता और लोकतंत्र सुनिश्चित हुआ।
        - भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 ने रियासतों को स्वतंत्रता की घोषणा करने की अनुमति दी।
    - **भारत की सिविल सेवाओं का सुदृढ़ीकरण:** पटेल ने आधुनिक **अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना करने** और देश के प्रशासनिक ढाँचे को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
        - नौकरशाही प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में उनके योगदान के लिये उन्हें **"भारत के सिविल सेवकों के संरक्षक संत"** की संज्ञा दी जाती है।
        - राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस **(21 अप्रैल)** सरदार पटेल के 1947 के भाषण का सम्मान करता है, जिसमें उन्होंने **सिविल सेवकों** को **"भारत का इस्पाती ढाँचा"** कहा था तथा लोकसेवा के प्रति उनके समर्पण को सुदृढ़ किया था।
    - **अध्यक्षता और समिति कार्य:** संविधान सभा में **मौलिक अधिकार, अल्पसंख्यक** तथा **जनजातीय एवं अपवर्जित क्षेत्रों** पर सलाहकार समिति की अध्यक्षता की।




## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

## ??????????

**प्रश्न. खेड़ा के कसिानों के पक्ष में महात्मा गांधी के सत्याग्रह संघटति करने का क्या कारण था ? (2011)**

1. अकाल पड़ने के बाबजूद प्रशासन ने भू-राजस्व की उगाही स्थगति नहीं की थी।
2. प्रशासन का यह प्रस्ताव था कि गुजरात में स्थाई बंदोबस्त लागू कर दिया जाए।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. 1931 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के कराची अधविशन के लयि, सरदार पटेल की अध्यक्षता में, जन्हिोंने मौलकि अधकिार और आर्थकि कार्यक्रम पर संकल्प का मसौदा तैयार कयिा? (2010)**

(a) महात्मा गांधी
(b) पंडति जवाहरलाल नेहरू
(c) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(d) डॉ. बी. आर. अंबेडकर

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/birth-anniversary-of-sardar-vallabhbhai-patel